हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, सोमवार, 15 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .0 डिग्री


12 'धन्यवाद मोदी जी' कार्यक्रम में जीएसटी दरों में कटौती को बताया ऐतिहासिक कदम





12 हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मेला (रबी) 21-22 को




## खबर संक्षेप

### फुटबॉल बॉयज के लिए ढंढेरी में ट्रायल आज

**हिसार।** खेल विभाग हरियाणा की ओर से 2025-26 सत्र के लिए गवर्नमेंट स्कूल व ग्राम पंचायत ढंढेरी को खेल नर्सरी अलॉट की दी गई है। इसमें ढंढेरी गांव के शहीद निशांत मलिक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को भी बॉयज की फुटबॉल नर्सरी अलॉट हुई है। इस नर्सरी के लिए 15 सितम्बर को सांय 3 बजे स्कूल के खेल स्टेडियम में प्रिंसिपल ओमवती आर्या, डीपी दीपक पंवर, सरपंच संदीप मलिक, नर्सरी कोच शैलेंद्र मलिक की देखरेख में ट्रायल ली जाएगी। इस ट्रायल में बैटरी टैस्ट व फुटबॉल गतिविधि के आधार पर सिलेक्शन किया जाएगा। नर्सरी के लिए 8-14 वर्ष व 15-19 वर्ष के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

### 400 ग्राम सुल्फा का सप्लायर गिरफ्तार

**नारनौंद।** सीआईए स्टाफ नारनौंद ने 400 ग्राम सुल्फा के असल सप्लायर पानीपत के मतलोढा निवासी मनु पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ नारनौंद में तैनात एएसआई अनिल ने बताया कि आरोपित युवक ने कुछ दिनों पहले रामायण निवासी विकाश व राजीव को 400 ग्राम चरस सप्लाई किया था। आरोपित युवक के खिलाफ थाना शहर हांसी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। इसी मामले में सीआईए स्टाफ ने काबू कर लिया।

### एक्सीडेंट मामले में उद्घघोषित अपराधी काबू

**हांसी।** सिसाय पुल पुलिस चौकी ने एक्सीडेंट मामले में उद्घघोषित अपराधी दिल्ली गेट निवासी सुनील को गिरफ्तार किया है। सिसाय पुल चौकी हांसी में तैनात मुख्य सिपाही प्रमोद ने बताया कि अदालत द्वारा पकड़े गए आरोपी को शहर थाना में दर्ज एक एक्सीडेंट मामले में उद्घघोषित अपराधी करार दिया हुआ था। पुलिस चौकी सिसाय पुल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

### अनिल बने सीएम विंडो का एनिमेट पर्सन

**हांसी।** सीएम विंडो व समाधान शिविर संबंधित मामलों में सहायता करने के लिए हांसी विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा नेता अनिल चावला, नवीन ठाकुर, गोल्डी सैनी व प्रवीण सिंगला, ओमपाल यादव व राजकुमार पहल को सीएम विंडो का एनिमेट पर्सन नियुक्त किया गया है। सूची में शामिल गोल्डी सैनी जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य भी हैं। हांसी सब्जी मंडी एसोसिएशन के प्रधान अनिल चावला को एनिमेट सदस्य बनाए जाने पर भाजपा नेताओं फूल मालाएं पहना कर स्वागत किया गया।

## दुबई के लिए होगी उड़ान, विदेश तक माल सप्लाई कर सकेंगे किसान

# हिसार हवाई अड्डे से शुरू होगी अंतरराष्ट्रीय उड़ान, तैयारियां शुरू

### उड़ान के साथ ही विपक्ष को जवाब देने की तैयारी में सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हरियाणा के अपने पहले एयरपोर्ट हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा से अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट शुरू करने के प्रयास तेज हो गई। माना जा रहा है कि पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान दुबई के लिए होगी। इसके लिए प्रदेश के उड्डयन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी है वहीं मुख्यमंत्री नायब सैनी को भी इस बारे विस्तार से बताया है। विभाग ने जहां ये प्रयास तेज कर दिए हैं वहीं भाजपा सरकार विपक्षी दल कांग्रेस को उसके उन आरोपों का करारा जवाब देने की तैयारी में है, जिसमें विपक्ष कहता रहा है कि यहां से अंतरराष्ट्रीय उड़ाने नहीं हो रही है। नागरिक उड्डयन विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार का कहना है कि हिसार हवाई अड्डा से पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान दुबई के लिए होगी। विभाग द्वारा अपडेट दिए जाने के बाद हरियाणा सरकार ने केंद्र से बातचीत शुरू कर दी है। विभाग का मानना है कि हिसार से दुबई के बीच कारगो जहाज उड़ने से किसानों को विदेश तक माल सप्लाई करने में आसानी होगी। फर्म बनाकर किसान विदेश तक फल और सब्जियां बेच सकेंगे। देश में अन्य एयरपोर्ट पर कारगो सेवा पहले से ही शुरू हो चुकी है। यहां से फल और सब्जियां एक्सपोर्ट हो रही हैं। हिसार व इसके आसपास के क्षेत्रों में किसान बागवानी के जरिए फलों व सब्जियों की खेती करते हैं। खराब होने के डर से इनका विदेश में एक्सपोर्ट नहीं हो पाता। हिसार में कारगो क्षमता विकसित होने से कम समय में विदेश में फल और सब्जियां बेची जा सकती हैं।

### कम दृश्यता में विमान भी उड़ सकेंगे अब

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि हिसार हवाई अड्डे को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से आधुनिक तकनीकों और सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। हिसार हवाई अड्डे पर डॉपलर वीओआर प्रणाली की स्थापना की है। इससे हवाई अड्डे पर उड़ानों के संचालन के लिए न्यूनतम दृश्यता पांच हजार मीटर से घटकर 2800 मीटर हो गई है। इससे अब खराब मौसम में भी उड़ानों का संचालन सुगमता से हो सकेगा। साथ ही, इस हवाई अड्डे पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम भी स्थापित किया जा रहा है। इससे एयरपोर्ट पर रात के समय में भी हवाई जहाज लैंडिंग कर सकेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहले ही कह चुके हैं कि हिसार को एक औद्योगिक, लॉजिस्टिक और निवेश केंद्र के रूप में विकसित करने का सरकार का सपना अब साकार हो रहा है। तीन दिन पहले ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्चुअल माध्यम से हिसार से जयपुर के लिए हवाई सेवाओं का शुभारंभ किया था। इसके तहत सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को हिसार से ज्यपुर के लिए फ्लाइट जाएगी।

## सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने किया पैदल मार्च

■ **लोगों से संवाद :** गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं



हांसी। पैदल मार्च के दौरान शहर के ऐतिहासिक बड़सी गेट पर पुलिस कर्मचारियों के साथ मौजूद शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद वत्स। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के निर्देशानुसार पुलिस जिला हंसी के सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लेने के लिए पैदल गश्त की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने कहा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करे।

### भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का किया निरीक्षण

यह गश्त क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करने, नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों के साथ स्थानीय व्यक्ति व पुलिस के जवान भी उपस्थित रहे। उन्होंने क्षेत्र के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का बारीकी से निरीक्षण किया।

### धोखाधड़ी कर जमीन बेचने के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने धोखाधड़ी कर जमीन बेचने के मामले में मुख्य आरोपी जेवरा निवासी रामकुमार को गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में जांच अधिकारी एएसआई संजय कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा की गई जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी रामकुमार ने अपनी मां मनभरी की मृत्यु के बाद विरासत में खुद को एकमात्र वारिस दर्शाते हुए लगभग 90 कनाल 18 मरले जमीन अपने नाम करवाई, जबकि मनभरी के नाम पर केवल 13 कनाल 3 मरले जमीन ही शेष थी।

## हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार एक दिन के पुलिस रिमांड पर

**पूनम की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की व पूछताछ जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सदर पुलिस ने पट्टी, कन्नौज निवासी हरिगोपाल की हत्या मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के ग्राम पट्टी निवासी आशीष को गिरफ्तार कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। मामले में जांच अधिकारी उप निरीक्षक नवीन ने बताया कि इस संबंध में मृतक की पत्नी पूनम ने दी शिकायत में बताया कि वह अपने पति हरिगोपाल के साथ काम करने के लिए हिसार आई थी। शिकायत के अनुसार 20 अगस्त को मिंगनीखेड़ा गांव स्थित नवनीत पोल्ट्री फार्म में पानी की टंकी साफ करते समय उसके पति और आशीष के बीच झगड़ा हुआ। शोर सुनकर जब वह मौके पर पहुंची तो उसका पति बेहोशी की हालत में जमीन पर पड़ा मिला। उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिकायत में पूनम ने बताया कि घटना के बाद आशीष ने उसे धमकी दी कि यदि उसने किसी को सच्चाई बताई तो परिणाम अच्छे नहीं होंगे। डर के कारण उसने तत्काल किसी को जानकारी नहीं दी, लेकिन बाद में अपने परिजनों को पूरी घटना बताई।

## घर में सो रही सेवानिवृत अध्यापिका पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच टीम।

शहर के जवाहर नगर में सेवानिवृत अध्यापिका उर्मिला को कुछ ही दूरी पर रहने वाली एक युवती ने चाकू मारकर घायल कर दिया। चाकू से उर्मिला के पैरों व छाती पर चोटें आई है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की।

घटला शहर के जवाहर नगर की गली नंबर 6 में हुई, जहां एक युवती ने सेवानिवृत अध्यापिका उर्मिला ठकराल पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी युवती का नाम तमन्ना बताया जा रहा है। वह पीड़िता के घर से मात्र 30 मीटर दूर किराए के मकान में रहती है। पता चला है कि उक्त युवती 10 दिन पहले ही यहां आई थी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। चर्चा है कि हमले के बाद तमन्ना अपने घर चली गई और कुछ देर बाद कपड़े बदलकर वापस घटनास्थल पर आकर पड़ोसियों से घटना के बारे में पूछताछ करने लगी। इस दौरान एक पड़ोसी महिला ने उसे पहचान लिया और स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया।

### पुलिस व फोरेंसिक टीम पहुंची

युवती द्वारा चाकू मारकर अध्यापिकों को घायल किए जाने की सूचना के बाद सिविल लाइन थाना प्रभारी रिसाल सिंह व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस आरोपी युवती से पूछताछ कर रही है। हमले का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घायल उर्मिला को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

### 10 दिन पहले ही आई युवती

घायल महिला उर्मिला ठकराल जवाहर नगर रहती हैं। बताया जा रहा है कि उर्मिला घर पर सोई हुई थीं। इसी दौरान युवती आई और रसोई से चाकू उठाया और उर्मिला पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। युवती ने महिला की छाती और पैर पर वार किए हैं। लोगों ने बताया है कि हमला करने वाली युवती तमन्ना ने करीब 10 दिन पहले ही किराए पर मकान लिया था। वह कंपीटिटिव एग्जाम की तैयारी कर रही है।

### महिला के होश में आने पर होगा मामला स्पष्ट

सिविल लाइन थाना प्रभारी रिशाल सिंह का कहना है कि आरोपी युवती बता रही है कि वह महिला को पहले से जानती थी। युवती का कहना है कि वह महिला के साथ रही थी। युवती घबरा रही है और बार-बार बयान बदल रही है। महिला के होश में आने पर ही असली वजह का पता चलेगा। युवती पीजी में रहने आई थी। युवती के हाथ पर खून लगा देखा तो उसकी पहचान हो गई।

## रोटरी हिसार ने 7 शिक्षकों को 'नेशन बिल्डर्स अवॉर्ड' देकर किया सम्मानित



हिसार। शिक्षकों को सम्मानित करते क्लब के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

■ विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने वाले शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

रोटरी हिसार द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी उत्कृष्ट शिक्षकों को 'नेशन बिल्डर्स अवॉर्ड' प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन गुरुओं के योगदान को नमन करना था, जिन्होंने विद्यार्थियों और समाज के जीवन को नई दिशा प्रदान की है। रोटरी हिसार के अध्यक्ष रो. डॉ. के.के. वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षक ही सच्चे राष्ट्र निर्माता हैं। उनके योगदान को याद रखना और सम्मानित करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

इस अवसर पर हिसार और आसपास के क्षेत्रों से सात शिक्षकों को 'नेशन बिल्डर्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

### बिजली निगम 16 को करेगा उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण

**बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत की सुनवाई 16 सितम्बर को सुनेंगें**

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, एच्चडी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए हैं ताकि उपभाक्ताओं की समस्याओं की त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम एसई फहीम रजा नकवी ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार फोरम के तहत आने वाले जिला हिसार के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत की सुनवाई 16 सितम्बर को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक अधीक्षण अभियंता ऑपरेशन सर्कल हिसार के कार्यालय में की जाएगी। एसई फहीम रजा नकवी बताया कि एक कमेटी द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

## खिलाड़ियों ने मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन और खेल भावना का परिचय दिया

दो दिवसीय हिसार जिला जूडो चैम्पियनशिप का समापन

# जिला जूडो चैम्पियनशिप में महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार




हिसार। अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी।

महावीर स्टेडियम में हिसार जिला जूडो एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय जिला जूडो चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर डॉ. तरुण छाबड़ा मुख्य अतिथि थे और समापन समारोह में भूपेंद्र पनिहार, डॉ. अमित सैनी, इरिगेशन विभाग एसडीओ प्रियंका एवं प्रीतम सैनी मुख्य अतिथि रहे। हिसार जिला जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, सचिव प्रहलाद सैनी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के साथ डीपीई नितिन, पुलिस विभाग से दीपक, डीपीई नीलम आर्या, खुशबू रानी, सुमित सैनी, जूडो कोच निर्मल सैनी, प्रदीप सैनी, हितेश सैनी एवं ललित कुमार द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन और खेल भावना का परिचय दिया।

### प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे

प्रतियोगिता के परिणाम के तहत महिला खिलाड़ियों के 23 किलोग्राम भारवर्ग में जानवी प्रथम, महक द्वितीय, नवदीप और हर्षित तृतीय रही। 27 किलोग्राम भार में दीक्षा पहले, नव्या दूसरे, दीक्षा व अवनी तीसरे स्थान पर रही। 32 किलोग्राम भारवर्ग में गणिका ने पहला स्थान हासिल किया वहीं मुस्कान ने दूसरा, तमन्ना व दिव्यांगना ने तीसरा स्थान हासिल किया। 36 किलोग्राम भारवर्ग में पायल अव्वल रही वहीं गुंजन ने द्वितीय, दीपा व दीक्षा ने तृतीय स्थान जीता। 40 किलोग्राम में नेहा प्रथम रही जबकि सलोनी ने दूसरा, भाविका व आरजू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 44 किलो में यशमिन आगे रही वही राधिका दूसरे, दीक्षा व किरण तीसरे स्थान पर रहीं। 48 किलोग्राम भारवर्ग में अनु प्रथम रही जबकि आशा द्वितीय, यशिका व चंचल तृतीय स्थान पर व 52 किलो भार में ज्योति अव्वल रही और वीना ने दूसरा, रजनी व भावना ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार 57 किलोभार वर्ग में आरती आगे रही, प्राची ने दूसरा व महक और जिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 63 किलोग्राम भारवर्ग में सपना प्रथम रही जबकि कोमल द्वितीय आर मानवी व मानसी तृतीय रहे। 70 किलोग्राम भार में वैष्णवी पहले, कल्पना दूसरे व दृष्टि तथा प्रांजल तृतीय रही। 78 के भारवर्ग में सफलता पहले स्थान पर जबकि लक्षिका दूसरे, दिव्या व गायत्री संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। 78 से अधिक भारवर्ग में दीप्ति प्रथम, कविता द्वितीय, पल्लवी और सोनिया तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार पुरुष वर्ग खिलाड़ियों के 23 किलोग्राम भारवर्ग में हुए मुकाबले में पार्थ प्रथम, जतिन द्वितीय, तनिश तृतीय व भव्य चतुर्थ स्थान पर रहे। 25 किलोग्राम भार में कार्तिक, नमन, अतुल, हर्ष क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे व चैथे स्थान पर रहे। 30 किलोग्राम भारवर्ग में योगेश ने प्रथम स्थान पर बाजी मारी, वहीं हितेश, सुमित व गितांशु ने दूसरा, तीसरा व चैथा स्थान प्राप्त किया। 35 भारवर्ग में कृष, साहिल, लक्ष्य, शिव, 40 किलोग्राम भार में अक्षय, निखिल, सौरभ, हिमांशु आगे रहे वहीं 45 किलोग्राम भार में नमन, अजीत, यश, सन्नी ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा व चैथा स्थान हासिल किया। 50 किलोग्राम भार में हिमांशु पहले स्थान पर रहे जबकि रोहित दूसरे, मुकेश तीसरे व शुभम चैथे स्थान पर रहे।

## करोड़ों खर्च के बावजूद भी अंधेरे में डूबी सड़कें व गलियां

■ लोग बोले अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदारों की मनमानी के चलते पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है, लेकिन जनता को राहत नहीं मिल पा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना मंडी

नगरपालिका क्षेत्र में करोड़ों रुपए की योजनाओं पर खर्च करने के बावजूद भी हालात जस के तस बने हुए हैं। शहर की कई मुख्य सड़कों व गली मोहल्लों में स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिसके चलते स्थानीय लोगों को रात के समय भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि नगरपालिका द्वारा करोड़ों रुपए का बजट विकास कार्यों पर खर्च किया जा चुका है, लेकिन जमीनी स्तर पर न तो रोशनी की व्यवस्था सुधरी और न ही मूलभूत सुविधाएं। स्थानीय रिंकू सुरेश राजू आदि ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदारों की मनमानी के चलते पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है, लेकिन जनता को राहत नहीं मिल पा रही। लोगों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच हो और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए।लोगों का सवाल है। आखिर करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी शहर अंधेरे में क्यों डूबा है?जिम्मेदारी कौन लेगा, नगरपालिका या ठेकेदार? हालांकि कनिष्ठ अभियंता नवदीप सिंह ने बस स्टैंड आदि रोड की व्यवस्था को ठीक करवाने की बात कही थी लेकिन कभी कभार लाइट चल जाती है लेकिन व्यवस्था पूर्ण रूप से सही नहीं हो पा रही। इस विषय में जब नगरपालिका सचिव संदीप शर्मा से बात करनी चाहिए तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया जबकि कनिष्ठ अभियंता नवदीप सिंह का फोन बंद मिला।



## मंदिर दो और मूर्ति एक

झज्जर जिले के बेरी कस्बा में दो मंदिर हैं और इनमें रखी जाने वाली माता भीमेश्वरी देवी की मूर्ति एक ही है। बताते हैं कि प्रारंभ में इस जगह पर घना जंगल था। इसमें ऋषि दुर्वासा रह रहे थे। ऋषि दुर्वासा रोजाना सुबह माता भीमेश्वरी देवी की मूर्ति को बाहरी मंदिर में लाते और दोपहर बाद मूर्ति को भीतरी मंदिर में रख देते थे। मूर्ति को आंतरिक मंदिर से बाहरी मंदिर तक ले जाने की यह प्रक्रिया अभी भी धार्मिक रूप से पालन की जा रही है।



# जहाज कोठी, जो बन गई इतिहास का आईना

*समुद्री जहाज़ जैसी आकृति के कारण इसे जहाज कोठी नाम मिला। आज यह क्षेत्रीय पुरातत्व संग्रहालय के रूप में संरक्षित है, जहां सिंधु-सरस्वती सभ्यता से लेकर मध्यकालीन मूर्तियों और स्थापत्य अवशेषों तक 193 दुर्लभ कलाकृतियां संरक्षित हैं।*



धरोहर

डॉ. प्रियंका सौरभ



*हिसार का फ़िरोज शाह पैलेस परिसर अपने आप में इतिहास का खजाना है। इसी परिसर में स्थित जहाज कोठी अपनी अनोखी बनावट और रोमांचक अतीत के कारण विशेष महत्व रखती है। 18वीं शताब्दी का यह जैन मंदिर बाद में विदेशी साहसी जॉर्ज थॉमस और कर्नल जेम्स स्किनर की रिहायश बना।*



हरियाणा के हिसार शहर का नाम सुनते ही सबसे पहले फ़िरोज़ शाह तुग़लक़ के महल, गुजरी महल, लोहारी गेट और बरसी गेट जैसे स्मारक सामने आते हैं। इन्हीं ऐतिहासिक इमारतों के बीच एक ऐसी कोठी भी खड़ी है, जिसका आकार समुद्र में तैरते जहाज़ जैसा प्रतीत होता है। यही है जहाज कोठी – जो कभी 18वीं शताब्दी का जैन मंदिर थी, फिर विदेशी साहसी जॉर्ज थॉमस और कर्नल जेम्स स्किनर की रिहायश बनी और आज क्षेत्रीय पुरातत्व संग्रहालय के रूप में संरक्षित है। यह स्मारक न केवल स्थापत्य की दृष्टि से अद्वितीय है, बल्कि भारत के उस दौर का भी गवाह है जब मराठा, सिख, अंग्रेज़ और स्थानीय शासक सत्ता के लिए संघर्षरत थे। जहाज कोठी का मूल स्वरूप एक जैन मंदिर था।

इतिहासकार मानते हैं कि 18वीं शताब्दी से पहले यहां जैन धर्मावलंबियों ने अपना मंदिर बनवाया था। समय के साथ यह इमारत वीरान होती गई और 18वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में इसे जॉर्ज थॉमस ने अपने निवास में बदल दिया। इमारत की डिज़ाइन इतनी अनोखी है कि देखने पर यह समुद्र में तैरते जहाज़ जैसी लगती है। इसी विशेषता के कारण स्थानीय लोगों ने इसे जहाज कोठी नाम दे दिया। जॉर्ज थॉमस का जीवन किसी उपन्यास से कम रोमांचक नहीं था। उनका जन्म 1756 में आयरलैंड के रोस्क्रिया क्षेत्र में हुआ। पिता गरीब किसान थे जिनका जल्दी निधन हो गया। बाल्यावस्था में उन्होंने डबलिन के गोदीघाट पर मजदूरी की। 1781 में वे ब्रिटिश नौसेना से जुड़कर भारत आए, लेकिन कुछ ही सालों में उन्होंने नौसेना छोड़ दी और एक भाड़े के सैनिक के रूप में उत्तर भारत की राजनीति में उतर आए। शुरुआत में वे पिंडारियों से जुड़े, फिर बेगम समरू की सेना में काम किया। वहां से हटाए जाने के बाद मराठा सरदार अप्पा राव के अधीन कार्य किया। धीरे-धीरे उन्होंने अपनी अलग शक्ति तैयार की और सिरसा से रोहतक तक फैले क्षेत्र पर अपना शासन स्थापित कर लिया। हांसी को उन्होंने अपनी राजधानी बनाया और यहां तक कि अपने सिक्के भी ढलवाए। 1796 में उन्होंने जहाज कोठी को अपनी रिहायश के लिए बनवाया और इसे अपनी महत्वाकांक्षा और शक्ति का प्रतीक बनाया। लेकिन उनका शासन अधिक समय तक नहीं चल सका। 1801 में मराठा-सिख-फ्रांसीसी गठबंधन ने उन्हें हराया और 1802 में गंगा नदी पार करते हुए उनकी मृत्यु हो गई। जॉर्ज थॉमस के बाद जहाज कोठी पर कर्नल जेम्स स्किनर का अधिकार हुआ। जेम्स स्किनर एंग्लो-इंडियन थे, जिनकी मां भारतीय और पिता स्कॉटिश अधिकारी थे। उन्हें "सिकंदर साहिब" के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने ब्रिटिश सेना के लिए दो घुड़सवार रेजिमेंट खड़ी कीं – जिन्हें आज भी स्किनर्स हॉर्स के नाम से भारतीय सेना में जाना जाता है। उन्होंने भी जहाज कोठी को अपने निवास के रूप में इस्तेमाल किया। उनके जीवन से जुड़ा एक रोचक तथ्य यह है कि दिल्ली में स्थित प्रसिद्ध सेंट जेम्स चर्च (जिसे स्किनर ने बनवाया था) उनकी आस्था और शक्ति का प्रतीक है। जहाज कोठी को देखकर ऐसा लगता है जैसे कोई विशाल समुद्री जहाज़ ज़मीन पर खड़ा हो। इसका निर्माण जली हुई ईंटों, चूने, रेत और सुर्खी से हुआ है। सुर्खी जली हुई ईंटों या मिट्टी को पीसकर बनाई जाती है, जो गारे को मजबूती और टिकाऊपन देती है। इसकी ऊंची बालकनी से जब लोग पानी और नक्शे को देखते तो ऐसा प्रतीत होता मानो जहाज़ में बैठे हों। यह इमारत फ़िरोज़ शाह महल परिसर के भीतर स्थित है और कभी ठंडी सड़क से सीधे यहां पहुंचा जाता था। आज भले ही शहरीकरण के कारण इसका दृश्य बाधित हो गया हो, लेकिन इसके स्थापत्य को देखकर आज भी उस दौर की इंजीनियरिंग और सौंदर्यबोध का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। 2009 में हरियाणा सरकार ने इसे संरक्षित स्मारक घोषित किया और बाद में यहां क्षेत्रीय पुरातात्विक संग्रहालय स्थापित कर दिया गया। इस संग्रहालय में लगभग 193 कलाकृतियां सुरक्षित हैं। इनमें सिंधु-सरस्वती सभ्यता से जुड़ी वस्तुएं, राखीगढ़ी, कुणाल और बनावली से प्राप्त टेराकोटा आकृतियां, चित्रित मिट्टी के बर्तन और सींग वाले देवता की मूर्तियां प्रमुख हैं। जैन धर्म से जुड़ी कलाकृतियां और जॉर्ज थॉमस का अंग्रेज़ी और फ़ारसी में शिलालेख भी संग्रहालय का हिस्सा हैं। जहाज कोठी का महत्व केवल स्थापत्य या संग्रहालय तक सीमित नहीं है। यह स्थान उस दौर का गवाह है जब भारत की धरती पर सत्ता संघर्ष चरम पर था। मराठे, सिख, अंग्रेज़ और स्थानीय शासक अपने-अपने प्रभाव का विस्तार कर रहे थे और विदेशी साहसी भी यहां सत्ता स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। जहाज कोठी इस इतिहास की जीती-जागती निशानी है। आज यह स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग की देखरेख में है। संरक्षण की दिशा में प्रयास जारी हैं, परंतु चुनौतियां भी कम नहीं हैं। आसपास के शहरीकरण और अनियोजित निर्माण के कारण इसका दृश्य बिगड़ गया है। यदि इसे सही तरीके से पर्यटन मानचित्र पर स्थान दिया जाए और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तो यह हरियाणा ही नहीं, पूरे उत्तर भारत का प्रमुख आकर्षण बन सकता है।

जहाज कोठी केवल एक इमारत नहीं, बल्कि इतिहास, स्थापत्य और संस्कृति का जीवंत संगम है। यह हमें बताती है कि कैसे एक जैन मंदिर विदेशी साहसियों की रिहायश बना और आज संग्रहालय का रूप लेकर हमारे अतीत से जोड़ रहा है। इस स्मारक को देखकर हमें न केवल अपने इतिहास पर गर्व होता है बल्कि यह भी सीख मिलती है कि हर इमारत अपने भीतर एक युग की कहानी समेटे रहती है। जरूरत है तो बस उसे समझने और सहेजने की।

कविता | कृष्ण लाल गिरधर



### हर मानस नै मरणा हो सै

हर मानस नै मरणा हो सै, और धरती म्ह समावैगा।
गोद इसकी म्ह खेले खाए, आखर म्ह कित जावैगा?
राजा हो ,चाहे हो भिखारी, करती सब का माण है।
धरती जननीं सब की माता, य्हा म्हारी भगवान है।

देख्य सहनशील,य्हा कर्म की माता, अन्न धन की खान है।
बख्त उठ चुचकारै इसनै, खेता म्हं जा किसान है।
देख्य दयावान, दानी कहावै, करती सब का कल्याण है।
धरती जननीं सब की माता, य्हा म्हारी भगवान है।

धीरज धरम सिखावण आली, अपनी छाती नै चीरै सै।
तन,मन, धन सब देकै अपना, बिन मांगे य्हा जीवै सै।
देख्य कदै ना मरती, कदै ना डरती, य्हा हर जीव का प्राण है।
धरती जननीं सब की माता, य्हा म्हारी भगवान है।

कविता | डॉ. फूल कुमार राठी



### गुरुजन गौरव गान

गुरुजन हों सैं ज्योत ज्ञान की, इनके काज सुनहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इनकी काहणी कहरे सैं ।।

'अ' तैं अटल रहवै लक्ष्य पै, 'आ' तैं आच्छया, आभावान।
'इ' तैं इतिहास रुखाळा, बड्डी 'ई' जितणा ईमान-2
'उ' तैं उत्तम और अनुपम, बड्डे 'ऊ' तैं ऊंचा स्थान।
'ऋ' तैं ऋजु, 'ए' तैं एकाग्र, 'ऐ' तैं ऐतबार की खान -2
'ओ' तैं ओजस्वी-सा चेहरा, 'औं' तैं औचित्य गहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'क' तैं कर्मठ, कर्मशील यो, 'ख' तैं खुद्दारी का नाम।
'ग' तैं गहणा मेरे वतन का, 'घ' तैं घटी-बधी पै ध्यान-2
'च' तैं चरित्रवान, चटक यो, सदा रहवै चर्चा की ज्यान।
'छ' तैं तणकै छत्र खड़या यो, छात्र का बणकै अभिमान -2
'ज' तैं जनसेवक, जनप्रिय, 'झ' तैं झण्डे फ़हरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'ट' तैं टिक्का यो मस्तक का, 'ठ' तैं ठाठ-ठिठौली सै।
'ड' तैं डगर दिखावणियाँ यो, सबका दात्ता मेल्ली सै -2
'ढ' तैं ढाळ सुहेली-सी यो, किबै ढारा, किबै हेल्ली सै।
'त' तैं यो तक़दीर बणावै, 'थ' तैं थावस गेल्ली सै-2
'द' तैं दयालु, 'ध' तैं धर्मी, 'न' तैं नरोत्तम कहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं'।।

'प' तैं प्रबुद्ध और पवित्र, 'फ़' तैं यो फ़ळदायी सै।
'ब' तैं बुद्धिमान घणा यो, हद तैं घणा सहाई सै-2
'भ' तैं भगत, भला माणस यो, और भाईयां का भाई सै।
'म' तैं मिलनसार, मितभाषी, 'य' तैं यथार्थ परछाई से -2
'र' तैं रक्षक यो मूल्यां का, 'ल' तैं लगनी कहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'व' तैं यो विद्वान बताया, 'श' तैं शुभचिंतक क्षण का।
'ष' तैं यो षट्दर्श करावै, 'स' तैं संतोषी मन का -2
'ह' तैं हलीमी खींचणियाँ यो, और हिसाबी सै धन का।
हुनरबाज, होशियार, हिमाती, हितकारी से जन-जन का।
'फूल सिंह' फेर इसकै ऊपर, इतणे तगड़े पहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

धार्मिक नगरी

**वर्ष 1794 में मराठों ने झज्जर-बेरी क्षेत्र को आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को जागीर के तौर पर प्रदान किया था**



# अंग्रेजों के साथ बेरी में भी हुआ था एक दिन का युद्ध

इतिहास | यशपाल गुलिया

प्र पाठय पुस्तकों मे बेरी-जहाजगढ़, रोहतक, खरखौदा आदि के युद्धों का उल्लेख नहीं किया गया, जबकि इन सभी उपरोक्त स्थानों पर रक्त रंजित युद्ध हुए हैं।

धार्मिक नगरी बेरी में भी एक दिन का भीषण युद्ध हुआ था। मुगल काल से ही बेरी-दुबलधन नाम से एक संयुक्त परगना कायम था तथा बेरी में एक छोटा किला भी मध्यकाल से ही बनाया गया था जिसको गढ़ी पुकारा जाता था। आईने अकबरी पुस्तक में बेरी की गढ़ी का वर्णन प्राप्त होता है। उसी गढ़ी में बेरी के जाटों ने इकट्ठे होकर झज्जर के तत्कालीन शासक जॉर्ज थॉमस को ललकारा था। वर्ष 1794 में मराठों ने झज्जर-बेरी क्षेत्र को एक आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को जागीर के तौर पर प्रदान किया था। जॉर्ज ने झज्जर में उपयुक्त सैनिक भर्ती करके जमींदारों से कड़ाई से लगान वसूलना आरम्भ कर दिया। इसका बेरी के किसानों ने न केवल विरोध किया बल्कि जॉर्ज से टकराने को भी तैयार हो गए। झज्जर में आए जॉर्ज को एक-दो वर्ष ही हुए थे कि उन्होंने शीघ्र ही तोपें, बन्दूक व काफी युद्ध सामग्री इकट्ठी कर ली। उधर, बेरी वासियों ने भी गढ़ी में आवश्यक तैयारी कर ली जिसके लिए उन्होंने बाहर से भी राजपूत युवक बुला लिए थे।

इंग्लिश की एक पुस्तक में बेरी के युद्ध का सम्पूर्ण विवरण दिया गया है। जैसा बेरी वासियों को अन्देशा था, जॉर्ज ने वर्ष 1795 के अन्त में बेरी पर आक्रमण कर दिया। तब पूरी तैयारी के साथ बेरी वासियों ने गढ़ी से बाहर निकलकर जॉर्ज के सैनिकों में कत्लेआम मचा डाला और भारी हानि के साथ जॉर्ज की सेना पीछे हटनी आरम्भ हो गई। लेकिन उसके एक घायल सैनिक को बेरी वालों ने जिन्दा ही आग में फेंक दिया। बेरी वालों ने अपनी रणनीति के तहत काफी मात्रा में सूखे कंटीले पेड़-पौधे काटकर पहले से ही आग लगाने की योजना बना रखी थी। तब हारकर पीछे लौटते हुए जॉर्ज के सैनिकों ने अपने सैनिक को जिन्दा आग मे फेंकता देखकर फिर से साहस जुटाने का निर्णय किया और एक बार फिर से युद्ध होने लगा। इस बार बेरी वासियों को हार का सामना करना पड़ा। बेरी वासी आस-पास के जंगल को कूच कर गए तथा कुछ गढ़ी में लौटने लगे। लेकिन इस बार जॉर्ज के सैनिकों ने बेरी की गढ़ी में प्रवेश करके वहां भी कत्लेआम कर डाला। बेरी के युद्ध के बाद जॉर्ज ने अपनी सैन्य क्षमता को काफी बढ़ा लिया तथा झज्जर के पश्चिम में वर्ष 1796 में एक नया किला भी बना लिया। इसको जॉर्जगढ़ के नाम से पुकारा जाता था। उस किले के बाहर बस्ती बढ़ती गई और कुछ वर्षों बाद जहाजगढ़ नामक नया गांव ही आबाद हो गया।



झज्जर जिले के कस्बा बेरी में स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

*बेरी के युद्ध के बाद जॉर्ज ने अपनी सैन्य क्षमता को काफी बढ़ा लिया तथा झज्जर के पश्चिम में वर्ष 1796 में एक नया किला भी बना लिया। इसको जॉर्जगढ़ के नाम से पुकारा जाता था। उस किले के बाहर बस्ती बढ़ती गई और कुछ वर्षों बाद जहाजगढ़ नामक नया गांव ही आबाद हो गया।*

बेरी के बाद अगले वर्ष जॉर्ज ने काहनौर वासियों से भी एक दिन का युद्ध लड़ा था। जॉर्ज थॉमस ने भी वर्ष 1797 में अपना मुख्यालय झज्जर की अपेक्षा हांसी के प्राचीन किले में स्थापित कर लिया। वहीं पर उसको वर्ष 1801 में मराठा सेना के सामने आत्म समपर्ण करना पड़ा था।

# फिर लौटेगा हरियाणवी फिल्मों का सुनहरा दौर : गीतू परी

कलाकार | डॉ. तबस्सुम जहां

ह हरियाणवी सिनेमा जगत की मशहूर एक्ट्रेस और प्रॉड्यूसर गीतू परी अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'सांगी' को लेकर आजकल काफ़ी चर्चा में हैं। गीतू परी ने वीडियो सॉन्ग बखत, जुगनी, फकीरा और हरियाणवी स्टेज ऐप की फिल्म '12वीं आला प्यार', चौधर-पार्ट 1 और 2, अखाड़ा 2, वनवास, बूढ़ी काकी, अहंकार के अलावा हरियाणवी चौपाल ऐप पर फिल्म 'कच्छे धारी' आदि फिल्मों में अभिनय के जौहर दिखाए हैं।



अभिनेत्री एवं निर्मात्री गीतू परी का जन्म हरियाणा के जिला गोहाना में कोहला गांव में पिता चतर सिंह और माता मायावती के घर में हुआ। जब वह 5 साल की थीं तब इनका परिवार जींद में रहने लगा। इनकी शुरुआती पढ़ाई जींद से ही हुई। जब ये आठवीं क्लास में थी, तब अभिनय में रुचि पैदा हुई और इन्होंने स्कूल में ही नाटकों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। दसवीं क्लास तक आते-आते इनकी शादी हो गई। शादी के बाद गीतू परी गृहस्थी में उलझ कर रह गईं पर एक्टिंग से दूर होने का दुःख उन्हें लगातार सालता रहा। ससुराल में उन्होंने विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए दिल्ली में 'आर्ट एंड क्राफ्ट' में टीचर की जॉब की। बाद में जॉब छोड़कर एक फैशन शो में हिस्सा लिया। शो के दौरान ही उन्हें एक फिल्म में एक्टिंग करने का ऑफर आया जिसमें एक मां का कैरेक्टर था। इसके लिए उन्हें अपने परिवार की स्वीकृति मिल गई और इस प्रकार 2017 में पहली बार गीतू परी फिल्म 'अनकही' में कैमरे से रुबरु हुईं। उसके बाद से वह अनवरत बड़े प्रोजेक्ट्स में काम कर रही हैं और अभिनय के क्षेत्र में निरंतर सफलता की ऊंचाइयों को छू रही हैं। गीतू परी ने अपने परिवार, कला और अभिनय से सम्बंधित अनेक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। फिल्मों में आने के लिए उनका सबसे पहला संघर्ष उनके अपने परिवार से था। पहले तो उनके मायके पक्ष या ससुराल पक्ष ने उनको सपोर्ट ही नहीं किया था। गीतू परी बताती हैं कि 'मेरे अंदर कहीं ना कहीं एक जज्बा था कि मुझे एक्टिंग लाइन में काम करना है, बच्चे बड़े होने के बाद अपने हस्बैंड के सपोर्ट से मैंने फिर से एक्टिंग लाइन में कदम रखा।' गीतू परी अभिनय के साथ फिल्म निर्माण से भी जुड़ी रही हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा के लोगों ने और हरियाणवी इंडस्ट्री ने मुझे इतना प्यार और सहयोग दिया है। हरियाणा में सिनेमा को लेकर बहुत अच्छा काम हो रहा है। मैंने कई फिल्में लिख रखी हैं, उन सब फिल्मों को पर्दे पर उतारने की मेरी पूरी पूरी कोशिश रहेगी। हरियाणवी सिनेमा की स्थिति के बारे में पूछने पर गीतू परी कहती हैं कि फिल्म 'चंद्रावल' ने अपने समय में एक मुकाम हासिल किया था और उसके काफी टाइम बाद राजीव भाटिया की फिल्म 'पगड़ी' से एक उम्मीद जागी और फिर संदीप शर्मा की फिल्म सतरंगी और यशपाल शर्मा निर्देशित 'दादा लखमी' ने वही फिल्म चंद्रावल जैसा माहौल थियेटर में बना दिया।





### फिल्म 'दादा लखमी' से मिली पहचान

बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा के निर्देशन में बनी हरियाणवी फीचर फिल्म 'दादा लखमी' गीतू परी के लिए मील का पत्थर साबित हुई। इस फिल्म को राष्ट्रीय अवार्ड समेत सैकड़ों देशी-विदेशी अवार्ड मिले हैं। इस फिल्म से गीतू परी को भी ब्रेक मिला। अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'सांगी' के विषय में गीतू परी ने बताया कि हरियाणवी स्टेज पर उनकी आने वाली फिल्म 'सांगी' हरियाणवी संस्कृति को दर्शाती है। इस फिल्म से उन्हें काफी उम्मीदें हैं। वे बताती हैं कि यह एक जूनूनी बच्चे की स्टोरी है। इसमें बहुत सारे नए और पुराने कलाकारों ने काम किया है। इस फिल्म में 12 गाने हरियाणा के लोगों को देखने और सुनने को मिलेंगे। यह कहानी अपने आप में पूरे हरियाणा को समेटे हुए होगी। वह करीब दो साल से इस स्टोरी पर काम कर रही थी। इसके डायरेक्टर रविंद्र बजवान अन्ना हैं जिन्होंने फिल्म को बहुत अच्छे से डायरेक्ट किया है। गीतू के आगामी प्रोजेक्ट में बाबा जी की कुटिया, छन्नू ताई ,खजनी शेरगढ़ वाली, आदि कई वीडियो गीत और शार्ट फिल्में हैं। फिलहाल इन पर काम चल रहा है। वर्तमान में ओटीटी प्लेटफार्म आने से थियेटर वालों के लिए चिंता बढ़ी है, ऐसी स्थिति में गीतू परी को नहीं लगता है कि ओटीटी आने से थियेटर पर कोई असर पड़ेगा क्योंकि थिएटर पर ढाई से 3 घंटे की फिल्म देखी जाती है और ओटीटी पर शॉर्ट फिल्म, वेब सीरीज, आदि ने अपनी जगह बनाई हुई है। ओटीटी के आने के बाद भी लोग थियेटर में जाकर फिल्म देखना पसंद करते हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा अर्बन मंडल सेवा पखवाड़ा का आयोजन

**हिसार।** भारतीय जनता पार्टी अर्बन मंडल की सेवा पखवाड़ा की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राहुल सैनी ने की जबकि मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ थी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनिल सैनी, भूप सिंह रोहिल्ला, सतीश सुरलिया, देशबंधु कौशिक और सुनील कुमार और सभी मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मॉडल टाऊन वासियों ने गंगवा को सौंपा ज्ञापन

**बरवाला।** शहर के नए बस स्टेंड के सामने स्थित मॉडल टाऊन कॉलोनी वासी सड़के बनवाने के लिए बरवाला में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से मिले और ज्ञापन सौंपा। दयानंद पब्लिक स्कूल बरवाला के डायरेक्टर सत्यवान कुंडू और निजी अस्पताल के संचालक डॉ. नरेश शर्मा गोरखपुरिया ने बताया कि बरवाला शहर के नए बस स्टेंड के सामने न्यू ककड़ मार्केट, सरस्वती कॉलोनी, मॉडल टाउन व ताज कॉलोनी की सड़कों की हालात बहुत ख़राब है।

### राममिलन को प्रख्यात नागरिक बनने पर बधाई

**हिसार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता राम मिलन शर्मा को सीएम विंडो के लिए मुख्यमंत्री द्वारा प्रख्यात नागरिक मनोनीत किए जाने पर मनोनीत पार्षद शमी नागपाल में मिठाई खिलाकर बधाई दी। डॉक्टर शमी नागपाल ने मुख्यमंत्री का आभार जताया वहीं राममिलन शर्मा को बधाई दी। नागपाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए जाने से पार्टी को मजबूती मिलती है और कार्यकर्ता अत्यधिक मेहनत करके पार्टी को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने का काम करता है।

### कन्या गुरुकुल डोभी में मनाया हिन्दी दिवस

**हिसार।** डोभी गांव में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब किरतान के सहयोग से कन्या गुरुकुल प्रांगण में कार्यक्रम किया गया। भाषण प्रतियोगिता एवं कविता प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। इस दौरान भूमिका गुराना ने प्रथम स्थान, संजना अग्रवाल ने द्वितीय तथा आन्या ने तीसरा स्थान हासिल किया।



### आंतरिक शांति और स्वास्थ्य का रहस्य संजीवनी ध्यान

**हिसार।** समर्थगुरु धारा संघ के तत्वाधान में कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में संडे ध्यान का कार्यक्रम आयोजित किया। यह सेशन आचार्या मां किरण ने लिया जिसमें उन्होंने संजीवनी ध्यान करवाया। आचार्या ने संजीवनी ध्यान करवाते हुए कहा कि संजीवनी ध्यान एक ऐसी ध्यान पद्धति है जिसे जीवनदायिनी या पुनर्जीवित करने वाली ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। संजीवनी शब्द का अर्थ ही है-जीवन देने वाली शक्ति।

## जीएसटी की दरों में कटौती से जीडीपी में होगा भारी इजाफा : अशोक सैनी

# नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी लागू होने से देश में आर्थिक विकास और तेज होगा : भयाना

**कांग्रेस ने हमेशा जनता का शोषण करने का कार्य किया**



हांसी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते विधायक विनोद भयाणा, उनके साथ हैं प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

केंद्र सरकार द्वारा 22 सितंबर से लागू किए जाने वाले नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी बारे रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक विनोद ने इसे ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में देश तेजी से डिजिटल और आर्थिक सुधारों की ओर बढ़ रहा है और यह फैसला उसी कड़ी का अहम हिस्सा है।

विधायक भयाना ने कहा कि यह नया जीएसटी सिस्टम कर व्यवस्था को और अधिक सरल, पारदर्शी और जनता हितैषी बनाएगा। इससे छोटे व्यापारी, उद्योगपति और आम उपभोक्ता प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा की केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही हैं, जिनका लाभ प्रदेश की आम जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि जीएसटी की दरों में कटौती से जीडीपी में भारी इजाफा होगा जिससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट नेहा धवन ने कहा कि जहां कांग्रेस ने हमेशा जनता का शोषण करने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साहस दिखाते हुए न केवल जीएसटी को लागू किया अपितु जनता को व्यापक स्तर पर लाभ देने का कार्य किया।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया, नेक्स्ट जेन जीएसटी की जिला टोली के संयोजक राजेन्द्र गर्ग एडवोकेट, सह-संयोजक पुनीत मदान पूर्व चेयरमैन राजपाल यादव, जिला कार्यालय प्रभारी मनजीत सिंह जांगड़ा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुखविंद्र जाखड़ सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।*

# गुजवि के नौ विद्यार्थियों को मानेसर में मिली प्लेसमेंट

- चयनित विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. बिश्नोई ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी केंद्र (आईसीएटी), मानेसर के ऑफ कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक सीएसई, आईटी, ईसीई, एमई, इलेक्ट्रिकल के नौ विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्योग-अनुकूल पाठ्यक्रम और आधुनिक बुनियादी ढांचा विद्यार्थियों को नौकरी के लिए तैयार पेशेवर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

उन्होंने कहा कि आईसीएटी जैसे प्रतिष्ठित संगठनों में लगातार प्लेसमेंट गुजविप्रौवि की शैक्षणिक और कॉर्पोरेट दोनों क्षेत्रों में प्रतिष्ठा की पुष्टि करता है। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने भी विद्यार्थियों के समर्पण और दृढ़ता की सराहना की। प्लेसमेंट प्रक्रिया के एक भाग के रूप में, आईसीएटी के एचआर प्रबंधक अरविंद कुमार ने एक प्री-प्लेसमेंट सत्र आयोजित किया, जिसमें विद्यार्थियों को कंपनी के व्यापक संचालन से परिचित कराया गया।

उन्होंने संगठन की मजबूत तकनीकी विशेषज्ञता और ऑटोमोटिव क्षेत्र को व्यापक नियामक समाधान प्रदान करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

**सराहना की**

प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि सीएसई/ आईटी/ईसीई/एमई/इलेक्ट्रिकल स्ट्रीम के 65 विद्यार्थियों ने इस कठिन बहु-चरणीय चयन प्रक्रिया में भाग लिया। उन्होंने अरविंद कुमार और उनकी टीम के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और विभागीय अध्यक्षों तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयकों के अमूल्य मार्गदर्शन प्रयासों की भी सराहना की।

**इनका चयन**

सहायक निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में यशपाल वर्मा, मोनू, मनीष कुमार, आकाश सैनी, मयंक, भावुक जैन, सोनू, आयुष बारुपाल और हिमांशु डागर का चयन हुआ है।

# विजेताओं को किया पुरस्कृत

**इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने हिंदी दिवस पर आयोजित की प्रतियोगिताएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित स्पर्धाओं में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

सेवार्थ भाव से युवाओं को शिक्षित व स्वावलंबी बनाने में जुटे इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करके धूमधाम से हिंदी दिवस मनाया गया। हिसार के बस स्टेंड के पास ऋषि नगर में स्थापित ट्रस्ट के प्रांगण में हिंदी भाषण, हिंदी कविता पाठ व कविता लेखन, निबंध लेखन, सुलेख, हिंदी प्रश्नोत्तरी व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इन स्पर्धाओं में इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रजत गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ट्रस्ट द्वारा हरसंभव प्रयास किए जाते हैं। इसी कड़ी में हिंदी दिवस मनाते हुए प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रजत गुप्ता ने कहा कि हिंदी का प्रयोग करते हुए स्वदेशी को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर बनना संभव है।

उन्होंने बताया कि हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1949 में इसी दिन संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया।

### निजी अस्पताल में तोड़फोड़ व हंगामा करने वाले 6 काबू

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने 30 जुलाई को राजगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल के आईसीयू में नशीला पदार्थ सेवन करने से एक युवती की मृत्यु हो जाने के बाद हंगामा और तोड़फोड़ करने के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें अंबेडकर बस्ती निवासी मीता, कविता, अंजली, वेद उर्फ वेदों, नेहा और कुलदीप शामिल है। उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जांच अधिकारी एएसआई जितेंद्र सिंह ने बताया कि 30 जुलाई को उक्त निजी अस्पताल के आईसीयू में नशीला पदार्थ सेवन करने से एक युवती की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उपरोक्त आरोपियों ने अन्य लोगों सहित हंगामा और तोड़फोड़ करते हुए मुख्य गेट, इमरजेंसी गेट, आईसीयू गेट, खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए तथा पार्किंग में खड़े वाहनों को भी क्षति पहुंचाई।

# भारतीय संस्कारों को अपनाएं

**उत्तम नगर में भागवत कथा का समापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। भागवत कथा के अंतिम दिन हवन में आहुति डालते श्रद्धालु।

उत्तम नगर में पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में महिला संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें व अंतिम दिन कथावाचक पं. यशोदानन्दन महाराज ने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, भगवान का परलोक गमन आदि प्रसंग सुनाए। पं. यशोदानन्दन महाराज ने कृष्ण-सुदामा प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता का रिश्ता सब रिश्तों से बड़ा होता है।

सच्ची मित्रता में स्वार्थ के लिए कोई स्थान नहीं होता। कृष्ण तथा सुदामा दोनों ने ही मित्र की गरिमा को बनाए रखा। सुदामा ने अति दरिद्र ब्राह्मण होते हुए भी अपने राजा मित्र कृष्ण से कभी कुछ नहीं मांगा। द्वारका जाने पर भी उसने अपनी दरिद्रता के बारे में कुछ नहीं बताया। वहीं कृष्ण ने भी मित्रता का फर्ज निभाते हुए त्रिलोकी का वैभव अपने मित्र को बिना मांगे ही दे दिया। आज के समय में सच्चे मित्रों का अकाल है।जब तक स्वार्थ होता है, तब तक बात होती है, उसके बाद बात तक नहीं होती। आज का समाज रिश्तों का महत्व खोता जा रहा है। समाज की इस दुर्दशा का कारण है भारतीय संस्कृति का खत्म होना। आज हम सब आपस का प्रेम भूल गए हैं। भाई-भाई, मां-बेटा, पिता-बेटा, मित्र-दोस्त सब नाम के रिश्ते रह गए हैं।

### मंदिर श्री लक्ष्मण चौतरा में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मनाया भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव



हांसी। भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर झांकी निकालते कलाकार।

**हांसी।** सिसाय पुल स्थित शेषावतार भगवान लक्ष्मण की पावन स्थली तीर्थ स्थान मंदिर श्री लक्ष्मण चौतरा में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कथा स्थल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। मंदिर में पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का 17 सितंबर को हवन यज्ञ के साथ पूर्णाहुति होगी। चौथे दिन कथा वक्ता पंडित त्रिलोकीनाथ पराशर ने कहा कि हमें हर दिन उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 84 लाख योनियां भुगतने के पश्चात मानव देह की प्राप्ति होती है। इसलिए इस देह को उपयोग व्यर्थ कामों में ना करके जनकल्याण व ईश्वर भक्ति में समर्पित कर दें। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी तो प्रभु कृष्ण का जन्म हुआ। इस दौरान नंद बाबा व टोकरे वाले कन्हैया की झांकी दिखाई गई।

# स्वदेशी जागरण मंच 18 से शुरू करेगा स्वदेशी संकल्प यात्रा

*हनुमान मंदिर से मेयर करेंगे शुभारंभ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। बैठक करते स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

स्वदेशी संकल्प यात्रा की तैयारियों के लिए आरडी सिटी सेंटर में स्थापित किए गए स्वावलंबन केंद्र में स्वदेशी जागरण मंच की बैठक की गई।

इस बैठक में तय किया गया कि 18 सितंबर से स्वदेशी संकल्प यात्रा शुरू की जाएगी। यह संकल्प यात्रा 25 सितंबर तक जारी रहेगी। 18 सितंबर को श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर में पूजन करके यात्रा प्रारंभ की जाएगी।

मेयर प्रवीन पोपली यात्रा का शुभारंभ करेंगे। बैठक के दौरान संजीव शर्मा को यात्रा प्रमुख, मोना जैन व राकेश चराया को सह प्रमुख, प्रदीप बामल यात्रा मार्ग प्रमुख, ओम विष्णु को वाहन प्रमुख एवं सोनिया श्योदान को प्रचार प्रमुख बनाया। इसके साथ ही वार्ड के अनुसार दायित्व भी तय किए गए। स्वदेशी मेला प्रांतीय प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि स्वदेशी की अलख जगाने के लिए स्वदेशी संकल्प यात्रा का आयोजन 18 से 25 सितंबर तक किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित**

*स्वावलंबन केंद्र में अनिल कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में रेणु जिंदल, सुमन बामल, स्नेहलता, निर्मला बादल, भावना गुप्ता, ऋतुराज, सतीश भुटानी, अजीत कुमार, अशोक शर्मा, डॉ. भगत सिंह, अमन बजाज, सोनू गोयल सहित काफी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस बैठक में स्वदेशी मेला प्रांतीय प्रमुख अनिल गोयल भी उपस्थित रहे।*

# लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा ने की गोसेवा



हिसार। कपिला गोशाला में गोसेवा करने पहुंचे लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा ने बाइपास रोड स्थित कपिला गौशाला में विशेष सेवा प्रकल्प सम्पन्न किया।

इस अवसर पर गायों के लिए चारे एवं गुड़ की सवामणि की व्यवस्था की गई। यह सेवा प्रकल्प लायन अश्विनी नारंग के पिताजी स्व. किशोर नारंग की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य भी उपस्थित रहे और सभी ने सेवा कार्य में सक्रिय योगदान दिया। इस आयोजन ने उपस्थित सदस्यों को सेवा भावना से ओत-प्रोत किया।

### डीएचबीवीएन के पैरा शटलर्स विजेंद्र और योगेश का यूथ एशियन चैम्पियनशिप के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



खिलाड़ी विजेंद्र व योगेश को सम्मानित करते प्रबंधक निदेशक अशोक कुमार गर्ग

हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप बैडमिंटन नर्सरी, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) हिसार के खिलाड़ियों ने यूथ पैरा नैशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन कर विभाग व हरियाणा का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता हाल ही में लखनऊ में आयोजित की गई।

इसमें विजेंद्र ने सिंगल में गोल्ड मेडल जीता व डबल मुकाबलों में सिल्वर मेडल जीता। इसी प्रतियोगिता में योगेश ने भी सिंगल में सिल्वर मेडल व डबल में भी सिल्वर मेडल हासिल किया। इन दोनों खिलाड़ियों का मैरिट के आधार पर 16 से 21 सितम्बर तक चीन में होने वाली पैरा इंटरनेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप के लिए चयन हुआ है जहां ये दोनों भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ये दोनों खिलाड़ी आज चीन के लिए रवाना हो गए।

इन उल्लेखनीय उपलब्धियों पर बिजली निगम के प्रबंध निदेशक अशोक कुमार गर्ग ने इन दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा आशा व्यक्त कि की दोनों खिलाड़ी एशियन बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पदक जीतकर देश व दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का नाम रोशन करेंगे। यह दोनों खिलाड़ी पहले भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीत चुके हैं व नर्सरी के कई अन्य खिलाड़ी भी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीत चुके हैं।

## जेसीआई हांसी फोर्ट ट्रस्ट ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

# शिविर में 220 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा, दवाइयां भी दी

**हिसार स्थित सर्वेश हेल्थ सिटी का रहा सहयोग**



- यह आयोजन सराहनीय एवं अनुकरणीय है : डा. सैनी

हांसी। स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जेसीआई वीक के तहत जेसीआई हांसी फोर्ट ट्रस्ट द्वारा रविवार को हिसार स्थित सर्वेश हेल्थ सिटी के सहयोग से जींद चौक स्थित सैनी धर्मशाला में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा 220 मरीजों की जांच की गई। शिविर में मरीजों की ईसीजी, ब्लड प्रेशर, शुगर स्तर एवं फेफड़ों से संबंधित जांचें निःशुल्क की गईं।

साथ ही जरूरतमंद मरीजों को दवाइयां भी मुफ्त उपलब्ध करवाई गईं। शिविर में डॉ. दलवीर सैनी (उप जिला स्वास्थ्य अधिकारी, हरियाणा) ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। जबकि डॉ. साक्षी चौधरी (एमबीबीएस पैथोलॉजिस्ट, देव डायग्नॉस्टिक्स) ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। और दीप प्रज्ज्वलित कर जांच शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. दलवीर सैनी ने कहा कि ऐसे शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ ज़रूरतमंदों को राहत प्रदान करते हैं। यह आयोजन सराहनीय एवं अनुकरणीय है।

डॉ. साक्षी चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य शिविर केवल जांच तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे लोगों को रोग-निवारण एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने का माध्यम भी बनते हैं। जेसीआई हांसी के प्रधान सर्वेश सैनी ने कहा कि जेसीआई वीक के अंतर्गत समाजहित में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।

**ये रहे शामिल**

*इस अवसर पर जेसी अंग्रेज सैनी, जेसी एडवोकेट पवन सैनी, जेसी सुरेंद्र महादेव, जेसी मोहनलाल बंसल पूर्व जॉन प्रेसिडेंट जेसीआई इंडिया जॉन 10, जेसी अमित गामड़िया, जेसी अतुल गोयल, जेसी संदीप सिंगला, जेसी रिंकू कक्कड़, जेसी गौरव खट्टर, जेसी पुनीत सिंदवानी, जेसी हरिओम यादव, मनोज सैनी जेसी अजय नामदेव, जेसी अनुज शर्मा, राहुल मक्कड़ शशिकांत यादव, कृष्ण यादव नरेंद्र भ्याणा भाई जी होटल वाले सहित काफी संख्या में शहरवासियों ने शिरकत की।*

**शिविर में इन चिकित्सकों ने दी अपनी सेवाएं**

शिविर में सर्वेश हैल्थ सिटी के चिकित्सक डॉ. प्राजक्ता परचाके (एमडी-मेडिसिन), डॉ. अंकित सिंगला (एमडी-पीडियाट्रिक्स एवं नियोनेटोलॉजिस्ट), डॉ. साहिल पुनिया (एमएस,एमसीएच-यूरोलॉजी), डॉ. अभिषेक हंस (ऑर्थोपेडिक्स), डॉ. आसिफ खान (नेत्र विशेषज्ञ) ने मरीजों की जांच कर अपनी सेवाएं दी।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आज से

**हिसार।** बीड़ बबरान युवा समिति की बैठक प्रधान शिव कुमार सिंगल की अध्यक्षता में हुई। इसमें भागवत की तैयारियों के लिए विचार किया गया। इस अवसर पर समिति के प्रधान शिव कुमार सिंगल ने कहा कि बीड़ बबरान युवा समिति द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ 15 से 21 सितंबर तक श्री सत्यनारायण शिव मंदिर नई अनाज मंडी हिसार में करवाई जाएगी। इसमें भारी संख्या में भक्तजन परिवार सहित भाग लेंगे। शुभारंभ अवसर पर 15 सितंबर को प्रातः 9 बजे महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

### तेरापंथ युवक परिषद का रक्तदान शिविर 17 को

**हांसी।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा 17 सितंबर को पूरे भारत में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। तेरापंथ युवक परिषद के मीडिया प्रभारी सचिन जैन ने बताया कि 17 सितम्बर को अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा देश भर में अपने 61वे स्थापना दिवस पर 10वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हांसी में रक्तदान शिविर का आयोजन पुराना भारत सिनेमा वाली गली में स्थित तेरापंथ भवन में तेरापंथ युवक परिषद प्रधान जितिन जैन की अध्यक्षता में किया जाएगा, कार्यक्रम के संयोजक आयुष जैन व सह संयोजक दिशांत जैन हैं।

### विद्या विभूषण अवार्ड से नवाजी आरती कुनर

**उकलाना मंडी।** लोटस इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल आरती कुनर ने चंडीगढ़ के होटल माउंटव्यू में आयोजित एजुकेशन सबमिट में हिस्सा लिया। वहां पर वे विद्या विभूषण अवार्ड से नवाजी गई। इस अवसर पर टरू सोल फाउंडेशन से जीवन रत्ता मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. नवनीत अरोड़ा, डॉ. गिल सहित अनेक विभूतियां उपस्थिति रही। स्कूल चेयरमैन महेंद्र कुनर और समस्त स्टाफ सदस्यों ने प्रिंसिपल आरती कुनर की इस उपलब्धि पर उनको बधाई दी। लोटस इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल आरती कुनर ने शिक्षा और खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिले सम्मान के लिए तहेदिल से आभार प्रकट किया और कहा कि वह अपने स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों द्वारा निरंतर की जा रही मेहनत की बदौलत ही यहां पर पहुंची हैं।

### कार्यक्रम में पहुंचे नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जोरदार अंदाज में किया धन्यवाद

# 'धन्यवाद मोदी जी' कार्यक्रम में जीएसटी दरों में कटौती को बताया ऐतिहासिक कदम




हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, मेयर प्रवीण पोपली व अन्य व कार्यक्रम में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा का स्वागत करते मेयर प्रवीण पोपली व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

**जीएसटी दरों में किसानों के लिए सुखद समाचार**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भारतीय जनता पार्टी की ओर से महाराजा अग्रसेन भवन में 'धन्यवाद मोदी जी' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मेयर प्रवीण पोपली ने किया जबकि कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हाल ही में जीएसटी की दरों को घटाने और तर्कसंगत बनाने संबंधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए ऐतिहासिक व जनहितकारी निर्णय पर आभार व्यक्त करना था। कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि और स्वागत गीत के साथ हुई।

#### ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

कार्यक्रम में मंच संचालन का दायित्व पार्षद सुमन यादव और एडवोकेट कृष्ण खटाना ने निभाया।

इसके अलावा कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा वरिष्ठ नेता रवि सैनी, जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

#### गुप्ता ने बताया गुड्स सिम्पल टैक्स

पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने हास्य-व्यंग्य के साथ कहा कि जीएसटी की सही व्याख्या 'गुड्स सिम्पल टैक्स' के रूप में की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति और मजबूत नेतृत्व से ही ऐसे बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं, और प्रधानमंत्री मोदी लगातार एक के बाद एक ऐतिहासिक फैसले लेकर देश को नई दिशा दे रहे हैं।

#### इन्होंने रखे विचार

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेड़ड़, वरिष्ठ नेता रामनिवास राडा, विधायक प्रतिनिधि जगदीश जिंदल, विधायक रणधीर पनिहार और जीएसटी विशेषज्ञ नितिन बंसल ने भी अपने विचार रखे और प्रधानमंत्री मोदी के साहसिक कदम की सराहना की।

#### हर वर्ग के लिए सुखद समाचार: गंगवा

मुख्य वक्ता रणबीर गंगवा ने अपने संबोधन में कहा कि जीएसटी दरों में कटौती का यह कदम न केवल व्यापारियों और उद्योगों के लिए राहतकारी है बल्कि आम उपभोक्ता और किसानों के लिए भी सुखद समाचार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले की प्राचीर से स्पष्ट घोषणा की थी कि नवरात्रि से पहले जीएसटी दरों में कमी लाकर मध्यम और निम्नवर्गीय परिवारों को राहत दी जाएगी। आज वह वादा पूरा हुआ है। कृषि उपकरणों पर कर में कटौती कर किसानों को बड़ी राहत दी गई है।

#### हर परिवार के खर्च में कमी आएगी: प्रवीण पोपली

मेयर प्रवीण पोपली ने विस्तार से बताया कि किस प्रकार टैक्स की दरों को सरल और व्यावहारिक बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अब 12 प्रतिशत श्रेणी की वस्तुएं 5 प्रतिशत दर पर उपलब्ध होंगी, वहीं 28 प्रतिशत दर वाली वस्तुओं को 18 प्रतिशत पर लाया गया है। वाहनों पर भी बड़ा लाभ मिला है। जहां पहले 28 प्रतिशत टैक्स देना पड़ता था, अब केवल 18 प्रतिशत लगेगा। लक्जरी वाहनों पर ही ऊंची दर लागू होगी। इसके अलावा बीमा पॉलिसी पर भी टैक्स कम किया गया है। उन्होंने कहा कि इन फैसलों से हर परिवार के मासिक खर्चों में उल्लेखनीय कमी आएगी।

### प्रशिक्षण की अवधि एक माह की होगी

## हकृवि में होगा 'समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता विकास के अवसर' बारे प्रशिक्षण

■ प्रशिक्षण के लिए संस्थान में 25 तक जमा करवाए जा सकेंगे आवेदन फार्म



हिसार। संस्थान के सह निदेशक डॉ. अशोक गोदारा। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में एक माह की अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 'समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता विकास के अवसर' बारे होगा जिसके लिए विश्वविद्यालय ने आवेदन मांगे हैं।

सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि कुलपति प्रो. बलदेव राज कंबोज ने संस्थान को 40 उम्मीदवारों के लिए एक माह अवधि का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान की है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे और मझोले किसान, बेरोजगार युवा एवं अन्य इच्छुक प्रतिभागियों को 'समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता विकास के अवसर' विषय पर प्रशिक्षण देकर उनका कौशल विकास कराना और उन्हें स्वावलंबी बनाना है।

कुलपति प्रो. बीआर कंबोज का मानना है कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भी इस प्रकार के कैप्सूल फॉर्म मे प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

#### किसी भी वर्ग के लोग ले सकते हैं भाग

डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में समेकित कृषि प्रणाली के विभिन्न घटकों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। देश और प्रदेश के किसी भी वर्ग एवं आयु के इच्छुक महिला या पुरुष इसमें भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क होगा और कार्यक्रम में पूरी अवधि तक उपस्थित रहकर सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को समेकित कृषि प्रणाली से संबंधित इकाइयों का स्थल भ्रमण भी कराया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार 25 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। उसके उपरांत उम्मीदवारों का चयन करके यथाशीघ्र ही इसका आयोजन किया जाएगा।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में मनाया हिंदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

दिल्ली पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी पखवाड़ा का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर विविध रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और जागरूकता को प्रोत्साहित किया। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिताएं, कविता पाठ, समूहगान और लघु नाटिकाओं का आयोजन किया गया जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही, निबंध लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने अपने विचारों को सशक्त अभिव्यक्ति दी।



हिसार। डीपीएस स्कूल में आयोजित हिंदी पखवाड़ा में उपस्थित विद्यार्थी।

#### अनुशासन ही जीवन की सफलता

इसी क्रम में विद्यार्थियों ने अनुशासन पर आधारित समूहगान प्रस्तुत किए, जिनमें स्वर और शब्दों के माध्यम से अनुशासन को जीवन की सफलता और सशक्त व्यक्तित्व का आधार बताया गया। इन प्रस्तुतियों ने वातावरण को प्रेरणादायी और उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर डायरी लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजू सुधाकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और अस्मिता की जीवनधारा है। उन्होंने छात्रों को अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व और जिम्मेदारी का भाव रखने के लिए प्रेरित किया।

## सांस्कृतिक रंगों से सजी फ्रेशर्स पार्टी

■ नवागत छात्राओं का पुष्प वंदन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश करने वाली छात्राओं के लिए द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा फ्रेशर्ज पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज चेयरमैन भारत भूषण प्रधान, कॉलेज डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा, प्रिंसिपल डॉ. शमीम शर्मा, स्कूल प्रिंसिपल डॉ. सरिता शर्मा व स्कूल प्रबंधक डॉ. अजीज प्रधान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया। द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने फूल देकर सभी नवागंतुक छात्राओं का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मनीषा ने गणेश वंदना की प्रस्तुति द्वारा हुई। कॉलेज चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने कहा कि आप कॉलेज में आओ, नाचो, झूमो, गाओ परंतु आपका विशेष मकसद पढ़ाई है जिसे आपने नंबर एक पर रखना है। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आत्मविश्वास, साहस, धैर्य और कठिन परिश्रम करके जीवन में हमेशा आगे बढ़ते जाना चाहिए। तभी आने वाले समय में अपने आपको एक उज्जवल भविष्य प्रदान कर पाएंगे। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने कहा कि जिस तरह कक्षा की पढ़ाई विषय के ज्ञान के लिए जरूरी है उसी तरह सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने से विभिन्न तरह के मूल्य विकसित होते हैं।



हिसार। फ्रेशर पार्टी में कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते कॉलेज पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### अरमीना बनीं मिस फ्रेशर

ढोल जगीरों दा, गजबन पानी ने चाली, अभी तो पार्टी शुरू हुई है' आदि गीतों पर सभी ने एक सुर लय में नृत्य किया। इस मौके पर शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए बीए प्रथम वर्ष से छात्रा अरमीना ने मिश फ्रैशर, छात्रा कल्पना ने मिस पर्सनैलिटी व छात्रा दिव्या ने मिस ईव का ताज हासिल किया। महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान, डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा, प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा, स्कूल प्राचार्या डॉ. सरिता शर्मा व स्कूल प्रबंधक डॉ. अजीज प्रधान ने विजेताओं को ताज पहनाकर व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## प्रतिभा खोज परीक्षा एक को

■ ग्राम विकास मंडल मिलकपुर में परीक्षा आयोजित की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

ग्राम विकास मंडल मिलकपुर की ओर से गांव में शिक्षा और प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आगामी एक नवंबर को प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

इस वर्ष परीक्षा का आयोजन आदर्श ग्रामीण सीनियर सेकेंडरी स्कूल मिलकपुर में किया जाएगा। इस विषय को लेकर रविवार सुबह बाबा बलदेव मुनि के मंदिर में प्रधान राजेश यादव की अध्यक्षता में ग्राम विकास मंडल की विशेष बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव स्तर पर प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।



हांसी। मीटिंग में भाग लेते ग्राम विकास मंडल के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### छठी से बारहवीं के छात्र ले सकेंगे हिस्सा

प्रधान राजेश यादव ने बताया कि प्रतिभा खोज परीक्षा में मिलकपुर गांव के कहीं भी अध्ययनरत छठी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम विकास मंडल का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें कंपीटीशन की भावना विकसित करना और परीक्षा के प्रति भय को दूर करना है। उन्होंने बताया कि मंडल पिछले पांच वर्षों से लगातार इस परीक्षा का आयोजन कर रहा है और इस वर्ष यह छठा आयोजन होगा।

## पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 3.33 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

**धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को किया काबू**

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पार्ट टाइम जॉब कर टास्क पूरा करने के नाम पर 3,33,676 रुपए की धोखाधड़ी वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सिरसा निवासी अक्षय व राहुल के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई सज्जन कुमार ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों ने कुछ दिन पहले गांव बास निवासी मनीष को पार्ट टाइम जॉब का झांसा व टास्क पूरा करने के नाम पर 3 लाख 33 हजार 676 रुपए की धोखाधड़ी की थी। साइबर क्राइम पुलिस ने मनीष की शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपितों के कब्जे से 4500 रुपए बरामद कर कब्जा पुलिस में लेकर दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



हांसी। धोखाधड़ी करने वाले दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

## श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल की छात्रा ने नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप' में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल की छात्रा निशु मलिक ने अपनी तीन बहनों के साथ खेलते हुए नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर अपने स्कूल, अभिभावकों व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पदक विजेता छात्रा का रविवार को हांसी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। स्कूल प्रिंसिपल अनिल कुमार ने बताया कि श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल, हांसी के लिए 11 जून का दिन बड़ा गौरवशाली एवं ऐतिहासिक रहा। दरअसल 11 जून को विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा निशु मलिक ने नॉर्थ जॉन बैडमिंटन चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत अपना परचम लहराया।



स्वर्ण पदक विजेता छात्रा नीशू मलिक।



हांसी। पदक विजेताओं को सम्मानित करते आयोजन समिति के चेयरमैन व अन्य।

#### निशु की जीत बाकी छात्रों के लिए प्रेरणा

प्राचार्य अनिल कुमार ने निशु मलिक को स्वर्ण पदक हासिल करने पर बधाई देते हुए कहा कि यह स्कूल के लिए बड़े गौरव की बात है कि निशु मलिक ने न केवल इस चैंपियनशिप में हिस्सा लिया बल्कि हरियाणा टीम की जीत में अपना अहम योगदान भी दिया। उन्होंने कहा कि निशु मलिक की यह उपलब्धि स्कूल के अन्य विद्यार्थियों को भी जीत के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय अध्यक्ष राजपाल यादव, सचिव सत्यवान यादव, मुख्याध्यापिका पिंकी यादव एवं अन्य शिक्षकों ने भी निशु मलिक को इस शानदार एवं ऐतिहासिक जीत के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एनआईआरसी हिसार ब्रांच ने सफलतापूर्वक आयोजित की चौथे चरण की एआई वर्कशॉप

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा सीए स्टूडेंट्स के लिए चौथे चरण की एआई वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में सीए स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि हिसार के सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में तीन चरणों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अंडरस्टैंडिंग फॉर राइजिंग अचीवर्स (औरा) वर्कशॉप आयोजित की जा चुकी है। अब विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए दो दिवसीय चौथे चरण की वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में विद्यार्थियों ने एआई के बहुआयामी उपयोग को समझा। सीए अमन बंसल ने बताया कि आईसीएआई के तत्वावधान में एनआईआरसी हिसार ब्रांच निरंतर रचनात्मक कार्य कर रही है। नवोदित सीए व सीए की पढ़ाई कर रहे युवाओं का मार्गदर्शन तो किया ही जाता है, इसके साथ स्थापित चार्टर्ड अकाउंटेंट के मार्ग में आने वाली समस्याओं का भी समाधान किया जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**मेंला** | 'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' होगा कृषि मेले का मुख्य विषय : प्रो. बीआर कम्बोज

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मेला (रबी) 21-22 को

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मेला (रबी) का आयोजन 21-22 सितंबर को किया जाएगा। इस वर्ष मेले का विषय 'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' होगा और मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के बारे में जानकारियां दी जाएंगी।

कुलपति प्रो. बलदेव राज कम्बोज ने बताया कि इस मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के साथ इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी प्रदान की जाएगी।

मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई रबी फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टिलाईज़र के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। उधर, सह निदेशक (विस्तार) डॉ. कृष्ण यादव ने बताया कि कृषि मेले में लगने वाली एग्रो-इंडस्ट्रियल प्रदर्शनी के लिए स्टॉलों की बुकिंग शुरू की जा चुकी है। प्राइवेट कंपनियों को स्टॉल 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर आवंटित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया इस बार किसानों की सुविधा के लिए उनके बैठने के लिए वाटरप्रूफ पंडाल होगा।

प्रदर्शनी क्षेत्र में पक्के रास्तों का निर्माण किया गया है और मेला स्थल की सुरक्षा के लिए चार दिवारी व प्रकाश की व्यवस्था की गई है। उन्होनें बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर साल सितंबर में कृषि मेला आयोजित करता है जिसमें हरियाणा तथा पड़ोसी राज्यों से हजारों किसान भाग लेते हैं। इस मेले में एग्रो-इंडस्ट्रियल प्रदर्शनी भी लगाई जाती है जिसमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लुवास तथा हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त विभिन्न कृषि निविष्टों तथा फार्म मशीनरी बनाने वाली कंपनियां भी भाग लेकर अपनी तकनीकी प्रदर्शित करती हैं।



#### मिट्टी और जल जांच की मिलेगी सुविधा

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पूर्व की भांति इस साल भी यह मेला विश्वविद्यालय के गेट न. 3 के सामने मेला ग्राउंड पर लगाया जाएगा। इसके लिए मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे। किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें दिखाई जाएंगी तथा उनमें प्रयोग की गई टेक्नोलॉजी की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि किसानों की कृषि, पशुपालन तथा गृहविज्ञान संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए मेले के दोनों दिन प्रश्नोत्तरी सभाएं आयोजित की जाएंगी। मेला स्थल पर मिट्टी, सिंचाई जल व रोगी पौधों की वैज्ञानिक जांच करवाने की किसानों को सुविधा दी जाएगी। इसके साथ-साथ दोनों दिन फसल प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।